dfo_chakrata_uta@yahoo.co.in
टैली, फैक्स नं0–01360–275078
उत्तराखण्ड वन्यजीव हैल्पलाईन नं0 18008909715

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, चकराता वन प्रभाग, चकराता।

पत्रांक–2623/12-1 दिनांक, चकराता 03 जनवरी 2024

सेवा मे,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय– जनपद–देहरादून मे राज्य योजना वर्ष 2011–12 के अन्तर्गत विधानसभा विकासनगर के ग्राम–हरिपुर से मुख्य मार्ग जू0हा0स्कूल की ओर सड़क निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण (ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या– FP/UK/ROAD/146873/2021)

संदर्भ – इस कार्यालय का पत्रांक–1099/12–1 दिनॉक 05.09.2023

महोदय

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र एवं अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, सहिया द्वारा पत्र दिनॉकित 01.09.2023 से विषयक प्रकरण के निस्तारण हेतु तिथि निर्धारित कर बैठक आहूत किये जाने का अनुरोध किया गया था। तिथि निर्धारित न होने की दशा में प्रकरण परिवेश पोर्टल पर लम्बित है। प्रयोक्ता एजेन्सी ने अपनी पत्र संख्या–2163/6सी दिनॉक 19.12.2023 से आपके कार्यालय में दिनॉक 27.05.2023 को आहूत बैठक में विषयक प्रकरण में लगाई गई आपत्ति की निराकरण हेतु पुनः बैठक किये जाने का अनुरोध किया गया है (पत्र की प्रति संलग्न है)।

अतः निवेदन है कि प्रकरण के त्वरित निस्तारण हेतु बैठक की तिथि निर्धारित करने का कष्ट करें।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार

भवदीय

( मयंक शेखर झा )
प्रभागीय वनाधिकारी,
चकराता वन प्रभाग, चकराता

संख्या– 2623 (1)/12-1 उक्त दिनांकित।

प्रतिलिपि–अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, सहिया को उनके पत्र संख्या–2163/6सी दिनॉक 19.12.2023 के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

( मयंक शेखर झा )
प्रभागीय वनाधिकारी,
चकराता वन प्रभाग, चकराता

NEW 3967